केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 199 बुधवार 12 फरवरी 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### छात्रों को दिया सफलता का मंत्र

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती।मंगलवार को कप्तानगंज टाउन क्षेत्र के माँ गायत्री इंटर कॉलेज मे हाईस्कूल के छात्र छात्राओं के लिए गुडलक एवं इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं के लिए फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने फीता काट कर किया। प्रबंधक श्री मिश्र ने कार्यक्रम मे सर्व प्रथम विद्या की आराध्य देवी सरस्वती की प्रतिमा के समीप दीप प्रज्ज्वलित भी किये। विद्यालय के छात्र छात्राओ ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत देवी तांडव सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के बीच बीच में बारहवीं के छात्रों ने अपना अनुभव भी शेयर किया। कक्षा 11 के छात्र छात्राओं द्वारा बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए उपहार का भी व्यवस्था भी किया था। कार्यक्रम में सौरव ओझा को मिस फेयरवेल तथा शिखा तिवारी को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन 11वीं की छात्रा पावनी मिश्र व निकुंज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की तैयारी शिक्षिका श्रीमती ज्योति सिंह, पूनम पाण्डेय तथा विभा पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि कुछ ज्ञान हमें बेहतर जीवन की सीख देते हैं। कार्यक्रम में मनोज तिवारी, हरि ओम तिवारी, एच ओ डी विज्ञान संकाय पी सी मिश्र, शनि यादव, राम रतन, चंद्रपाल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, राजकुमार पांडे, राधेश्याम यादव के साथ–साथ सभी छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### सम्मानित किये गये वृद्धजन, दिया योग का संदेश



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मंगलवार को नगर पंचायत नगर में योग शिविर और वृद्ध जन सम्मान समारोह आयोजित हुआ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर के चैनपुरवा में हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने कहा कि योग दिवस और वृद्ध जन सम्मान आयोजन से तन मन दोनों स्वस्थ होता है। उन्होंने कहा कि आज की भाग दौड़ के जीवन में नियमित योग और व्यायाम अत्यन्त आवश्यक है इससे स्वस्थ जीवन शैली का निर्माण सम्भव है। श्रीमती राना ने कहा कि आज पूरी दुनिया सनातन की इस प्राचीन विधा को अपना रही है। श्रीमती राना ने वार्ड के 70 वर्षीय श्रीमती पार्वती देवी और 83 वर्षीय अवधेश कुमार पाण्डेय की समारोह पूर्वक आरती उतारी, तिलक लगाया और अंग वस्त्र प्रदान कर उनको सम्मानित किया। उन्होंने वृद्ध जनों को प्रत्यक्ष ईश्वर का अंश बताते हुए कहा कि अपने बुजुर्गों का सम्मान हमारी संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा है। श्रीमती राना ने उपस्थित जन समुदाय विशेषकर युवाओं से कहा कि अपने वरिष्ठों का सम्मान करने से स्वयं का सम्मान बढ़ता है। ।उन्होंने नगर को देश का एक मॉडल नगर पंचायत बनाने में सभी से सहयोग की अपील किया। इसके पूर्व योग शिक्षक परवेज मंसूरी ने सभी को योग तथा व्यायाम के तौर तरीके समझाए तो इसके फायदे भी गिनाए। कार्यक्रम का संचालन श्रुति अग्रहरि ने किया। इस अवसर पर सभासद राजेश पाण्डेय राज कुमार चौधरी, कमलेश पाण्डेय,राजेश त्रिपाठी, उमेश चंद्र, मोलहू , देवेश धर द्विवेदी, राकेश पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एआई से नौकरियों को खतरा नहीं–मोदी



**पेरिस (आभा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित 'एआई एक्शन समिट' की सह–अध्यक्षता करते हुए दुनियाभर के लोगों से न केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रति पूर्वाग्रहों से बचने की सलाह दी है बल्कि यह भी कहा कि इससे नौकरियों पर कोई खतरा नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि इतिहास गवाह रहा है कि तकनीक ने नौकरियां खत्म नहीं की हैं बल्कि रोजगार का सृजन किया है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स पीएम मोदी की इस बात के मुरीद हो गए हैं। उन्होंने पीएम मोदी की बातों को आगे बढ़ाते हुए जोर देकर कहा कि एआई तकनीक लोगों को और अधिक उत्पादक बनाएगी।

पेरिस एआई एक्शन समिट में पीएम मोदी के भाषण की सराहना करते हुए वेंस ने इस बात पर जोर दिया कि एआई कभी भी इंसानों की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने कहा, 'मैं पीएम मोदी की बात की सराहना करता हूं। एआई लोगों को सुविधा प्रदान करेगा और उन्हें अधिक उत्पादक बनाएगा। यह इंसानों की जगह नहीं लेगा, यह कभी भी इंसानों की जगह नहीं लेगा। एआई उद्योग में बहुत से नेता, जब श्रमिकों की जगह लेने के इस डर के बारे में बात करते हैं, तो वास्तव में इस बात को भूल जाते हैं कि एआई हमें अधिक उत्पादक, समृद्ध और अधिक स्वतंत्र बनाने जा रहा है।

जेडी वेन्स ने पिछले महीने ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति का पदभार संभाला है। हालांकि पीएम मोदी की बातों की सराहना करने वाले जेडी वेन्स उसी मंच से चीन को चिढ़ाते नजर आए। उन्होंने चीन में विकसित एआई को सस्ता और सरकारी करार दिया।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ में शामिल अपने मित्र देशों को एआई के मुद्दे पर चीन से सतर्क रहने की सलाह भी दे डाली। एक तरह से उन्होंने इस समिट में यह जताने की कोशिश की कि एआई के क्षेत्र में अमेरिका ही बॉस है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने वैश्विक सम्मेलन में दुनियाभर के नेताओं और तकनीकी उद्योग के अधिकारियों को चेताया कि एआई के अत्यधिक रेग्यूलेशन से एआई उद्योग पंगु बना सकता है।

## मनमाने फैसले के विरोध में जीएसटी अधिवक्ताओ ने सौंपा ज्ञापन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मंगलवार को स्थानीय राज्य कर ऑफिस में जीएसटी अधिवक्ताओ ने ज्ञापन सौंपा। कहा कि अपर सचिव एम देवराज की कार्य प्रणाली से पूरे प्रदेश के व्यापारियों में जन आक्रोश व्याप्त है माल एवं सेवा कर अधिनियम के प्रावधानों की अवहेलना करते हुए ,अपर सचिव द्वारा जबरन कानून में दिए गए समय अवधि का उल्लंघन कर नियत समय से पहले 2020–21 के वादों के स्कूटनी के पश्चात धारा 73 के अंतर्गत आदेश पारित करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 है,जिसको अपने आदेश से घटाकर 10 फरवरी 2025 तक निस्तारित करने का आदेश पारित किया गया है जो पूरे प्रदेश के व्यापारियों के साथ किया जाने वाला अमानवीय करवाई है।

जीएसटी के वरिष्ठ अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने कहा जब से प्रमुख सचिव देवराज आए हैं व्यापारियों में सरकार के खिलाफ बहुत रोष व्याप्त है, विभाग के कर्मचारी का लगातार उत्पीड़न हो रहा है, कर्मचारियों का मानसिक उत्पीड़न बराबर हो रहा है, उनके ऊपर दबाव डालकर जबरन टैक्स वसूलने का दबाव बनाया जा रहा है,जो न्याय विरुद्ध है।

उत्तर प्रदेश टैक्सेशन बार के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने स्थानीय राज्य कर कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर उपेंद्र यादव को ज्ञापन देकर विरोध व्यक्त किया। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता कैलाश मोहन श्रीवास्तव, जग प्रसाद मिश्र, मनमोहन श्रीवास्तव, सूर्य नारायण गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राधे मोहन गुप्ता, आरपी वर्मा इकराम अहमद, पुरुषोत्तम चौधरी, राजेन्द्र गुप्ता, अंकुर, राकेश गुप्ता सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे

## डा. वी.के. वर्मा को साहित्य भूषण सम्मान



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । प्रसिद्ध समाजसेवी, वरिष्ठ चिकित्सक, साहित्यकार डा. वी.के. वर्मा को उनके साहित्यिक योगदान के लिये दुर्गेश कुमार मिश्र सामाजिक एवं साहित्यिक संस्थान द्वारा 'साहित्य भूषण' सम्मान से सम्मानित किया गया।

डा. वी.के. वर्मा के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुये वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम कृष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि 'मानवता के स्वर, काव्य मुखी, युग चित्र, भावानुभूति, काव्य सौरभ, 'भाव मन्थन' काव्य संग्रह एवं लघु कथा संग्रह 'सोच, कहानी संग्रह उत्कर्ष एवं 'कोविड 19 काव्य संग्रह' जैसी कृतियों की रचना सहज कार्य नहीं है. डॉ. वर्मा ने चिकित्सक और साहित्यकार दोनों सन्दर्भो में स्वयं को सिद्ध किया है। साहित्य जगत को उनसे बहुत संभावनायें हैं।

डा वी.के. वर्मा ने कहा कि वे जिन स्थितियों को अनूभूत करते हैं उसे काव्य में ढालने की कोशिश करते हैं. अति शीघ्र तथागत गौतम बुद्ध पर उनका महाकाव्य पाठकों के समक्ष होगा। कहा कि सम्मान से और बेहतर दायित्वों के निर्वहन की रचनात्मक ऊर्जा मिलती है।

डा. वर्मा को सम्मानित किये जाने पर त्रिभुवन प्रसाद मिश्र, श्याम प्रकाश शर्मा, डा. नवीन श्रीवास्तव, डा. रामजी सोनी, विनोद उपाध्याय, डा. आर. एन. चौधरी, डा. आर.जी. सिंह, दीपक सिंह प्रेमी, जगदम्बा प्रसाद 'भावुक', सागर गोरखपुरी के साथ ही अनेक साहित्यकारों, चिकित्सकों, समाजसेवियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## दलित महिला को दबंगों से जान का खतरा डीआईजी से लगाया न्याय की गुहार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती । छावनी थाना क्षेत्र के मल्लूपुर निवासिनी दलित महिला रामकुमारी पत्नी राम सहाय को गांव के ही दबंगों और ग्राम प्रधान पति से जान माल का खतरा है। मंगलवार को राम कुमारी ने डीआईजी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया।

डीआईजी को दिये पत्र में रामकुमारी ने कहा है कि उसके पति कबाड का धंधा करते हैं और किसी प्रकार परिवार का भरण पोषण होता है। ग्राम प्रधान पति शैलेन्द्र कुमार मिश्र 'राजन' की सह पर श्री चन्द्र मिश्र और मनीराम ने दीवाल बनाकर रास्ता बंद कर दिया। राम कुमारी ने थानाध्यक्ष, उप जिलाधिकारी को पत्र देकर रास्ता खुलवाने का आग्रह किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने रास्ता खाली करने को कहकर चली गई। इससे नाराज शैलेन्द्र कुमार मिश्र 'राजन' आदि ने घर में घुसकर भद्दी–भद्दी गालियां दी। रामकुमारी ने इसकी शिकायत एसपी को पत्र देकर किया। इसके बाद उक्त लोगों ने 4 फरवरी को जाति सूचक गालियां देते हुये धमकी दिया और रामकुमारी, उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। रामकुमारी ने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उसका रास्ता खुलवाने के साथ ही उसके परिवार के जान माल की रक्षा करायी जाय। यदि उसे न्याय न मिला तो वह बाध्य होकर आत्महत्या करने को मजबूर होगी।

# लोकसभा में उठा भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का मुद्दा



**नई दिल्ली (आभा)।** भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग एक बार फिर लोकसभा में उठी है। इसके साथ ही सोशल मीडिया, 'ओटीटी' मंचों पर अश्लीलता फैलाने वाले कार्यक्रमों पर रोक लगाने और ट्रेनों में कुल्हड़ में चाय बेचे जाने जैसी मांगें भी हुईं। सदन में शून्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश के सलेमपुर से समाजवादी पार्टी (सपा) सदस्य रमाशंकर राजभर ने कहा कि भोजपुरी भाषा दुनिया के आठ देशों में बोली जाती है और यह पूर्वांचल के घर–घर में बोली जाने वाली भाषा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

मध्य प्रदेश के उज्जैन से भाजपा सदस्य अनिल फिरोजिया ने सरकार से मांग की कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में चाय कुल्हड़ में बेची जानी चाहिए जिससे मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लोगों को फायदा होगा। शिवसेना के नरेश म्हास्के ने सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में सोशल मीडिया और 'ओटीटी' मंचों के कार्यक्रमों पर सेंसर लगाने की सरकार से मांग की।

झारखंड के हजारीबाग से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनीष जायसवाल ने राज्य के कुछ हिस्सों में सरस्वती पूजन पर पथराव और राम नवमी के जुलूस को रोके जाने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, श्झारखंड में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है, केंद्र सरकार को उस पर कार्रवाई करनी चाहिए।'

सासाराम से कांग्रेस के सांसद मनोज कुमार ने पिछले दिनों अपने साथ हुई मारपीट की घटना का उल्लेख करते हुए अपनी जान को कुछ आपराधिक तत्वों से खतरा होने का दावा किया और सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की। कांग्रेस के गुरजीत सिंह औजला ने देश में चीनी मांझा से होने वाले हादसों का जिक्र किया तथा इसके चीन से आयात, देश में इसके उत्पादन और इसकी बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

सपा के आनंद भदौरिया ने दावा किया कि उनके क्षेत्र में प्रशासन बुद्ध कथा के आयोजन में अड़चन डालने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा की तरह बुद्ध कथा के आयोजन के लिए भी अनुमति की जरूरत नहीं होनी चाहिए। आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर ने भी सरकार से मांग की कि संत कबीर, गुरू रविदास और गौतम बुद्ध को मानने वाले लोगों को इनसे संबंधित धार्मिक कार्यों के आयोजन की अनुमति मिलनी चाहिए।

# चुनावी डेटा को नष्ट न करे चुनाव आयोग-सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (आभा)।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईबीएम) में संरक्षित चुनावी डेटा को फिलहाल नष्ट न किया जाए। चुनाव के बाद ईवीएम के सत्यापन से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ये बड़ा आदेश दिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि फिलहाल ईवीएम से कोई भी डेटा न हटाएं और न ही उसमें कोई नया डेटा रीलोड करें। इस जनहित याचिका पर सीजेआइ संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका के जवाब में चुनाव आयोग से पूछा कि मतदान समाप्त होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया क्या है? अब चुनाव आयोग को चुनाव के बाद ईवीएम मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर को जलाने की प्रक्रिया के बारे में अदालत को जानकारी देनी होगी। दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक याचिका में मांग की गई थी कि वोटों की गिनती समाप्त होने के बाद भी मशीनों से डेटा को नष्ट न किया जाए।

सीजेआई खन्ना ने कहा कि यह विरोधात्मक नहीं है। अगर हारने वाला उम्मीदवार स्पष्टीकरण चाहता है तो इंजीनियर स्पष्टीकरण दे सकता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हुई है। याचिका में मांग की गई है कि म्टड की जली हुई मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर को पेशेवर इंजीनियर से सत्यापित कराया जाए कि ईवीएम से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स हरियाणा कांग्रेस के नेता सर्व मित्तर और करण सिंह दलाल द्वारा दायर याचिकाओं में चुनाव नतीजों पर शक और ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंकाओं के सत्यापन की मांग के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है।

## लक्ष्य के अनुरूप वसूली न हुई तो कठोर कार्रवाई



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। राजस्व वसूली से जुड़े समस्त अधिकारियों का दायित्व है कि दिये गये लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करायें। यदि किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा शिथिलता बरती गयी तो निश्चित ही उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में वसूली से जुड़े विभागीय अधिकारियों के साथ प्रवर्तन कार्यो, कर–करेत्तर एवं राजस्व वसूली की गहन समीक्षा करने के दौरान जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने दिया। इस दौरान उन्होने आबकारी, विद्युत, स्टाम्प निबन्धन, वाणिज्यकर, परिवहन, मण्डी सहित अन्य विभागों की गहन समीक्षा किया। समीक्षा में उन्होने पाया कि मण्डी सचिव द्वारा विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति काफी धीमी पाये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश संबंधित को दिया है। उन्होने जोर देते हुए कहा कि राजस्व वसूली से ही सरकार द्वारा तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इसलिए राजस्व वसूली को सभी विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से ले और विशेष रूचि ले कर वसूली करके लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

बैठक में सीडीओ जयदेव सी. एस., मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी शाहिद अहमद, शत्रुघ्न पाठक, आशुतोष तिवारी, पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय कुमार सिंह, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, एआरटीओ पंकज सिंह, सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।




## इंटरनेट दिवस पर दिया जानकारी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (सरकारी अभिकरण) के तत्वाधान में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य थीम टुगेदर फॉर बेटर इंटरनेट पर आयोजित कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आलोक मिश्रा द्वारा बृहद रूप से प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा साइबर क्राइम से बचने तथा उसे सतर्कता अपनाने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मौके पर सीडीओ जयदेव सी.एस. मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी शाहिद अहमद, शत्रुघ्न पाठक, आशुतोष तिवारी, पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय कुमार सिंह, सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, एआरटीओ पंकज सिंह, ईओ नगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## वार्षिक समारोह में छा गया बचपनः छात्रों को संवेदनशील बनायें शिक्षक–एसपी अभिनन्दन






–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। फीनिक्स पब्लिक स्कूल गांधीनगर की नई शाखा दुधौरा निकट कैली अस्पताल का सत्र वार्षिक समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कहा कि ज्ञान के माध्यम से हम सब कुछ हासिल कर सकते हैं। कहा कि छात्रों को संवेदनशील बनाना भी शिक्षकों का दायित्व है। कहा कि बच्चों का हर कार्यक्रम समाज को एक प्रेरक संदेश दे रहा है। उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि व्यक्ति के निर्माण में गुरूजनों की सबसे बड़ी भूमिका है। कहा कि ये नन्हे–मुन्ने बच्चे भारत का उज्जवल भविष्य हैं। प्रवक्ता रघुवंशमणि त्रिपाठी ने शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोर दिया। रचना यादव, रेखा विशनानी, जया विशनानी, आशा विशनानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक डा. विनायक जायसवाल ने कहा कि छात्रों को बेहतर शिक्षा देना हमारा संकल्प है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के वार्षिक समारोह में बचपन छा गया। मास्टर शिव और कमलेश शर्मा, राजीव रंजन, शुभम गुप्ता, आंशी के कुशल निर्देशन में छात्रों ने मंच को जीवन्त किया।

प्रधानाचार्या डॉ० कुशा जायसवाल, निमित विशनानी, जानवी, निकिता, जे डी यादव, नीलेश पाण्डेय, प्रतिभा, साक्षी, अर्पिता, अर्चिता, सरिता, सुनीता, गायत्री, नैन्सी, साइका के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, स्थानीय नागरिक और विशिष्टजन उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 12 फरवरी 2025 बुधवार

## सम्पादकीय

### कुंभ और कुप्रबन्धन

महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर बड़े—बड़े दावों के साथ ही अन्तराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया जिसका सिलसिला अभी तक जारी है। इसका परिणाम ये हुआ कि महाकुंभ की तरफ लोग खिचे चले आ रहे हैं। आस्था के रेले को संभालने में पसीना छूट रहा है। प्रयागराज ही नहीं अयोध्या और काशी में भी लोगों के पहुंचने से परिवहन व्यवस्था ध्वस्त सी हो गई है और लोग घंटों जाम में फंसने को मजबूर है। विसंगति यह कि रेलगाड़ी में भी यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिस आस्था की त्रिवेणी में स्नान की भावना लेकर लोग प्रयागराज पहुंच रहे हैं वे अब व्यवस्था को कोसने लगे हैं। प्रयागराज पहुंचने पर भी जिस प्रकार से यात्रियों का आर्थिक दोहन कदम कदम पर हो रहा है और उन्हें 10 से 20 किलोमीटर तक पैदल चलने को विवश होना पड़ रहा है ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर तंत्र क्या कर रहा है और बड़े—बड़े दावे नाकारा क्यों साबित हो रहे हैं। महाकुंभ में भगदड़ और मौतों के बाद आखिर प्रशासन ने क्या सबक लिया।

प्रयागराज और साथ ही उसके आसपास के शहरों में ट्रैफिक जाम की समस्या केवल यही नहीं बता रही कि बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों से महाकुंभ पहुंच रहे हैं, बल्कि यह भी इंगित कर रही है कि शासन—प्रशासन यह अनुमान नहीं लगा सका कि अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला कायम रहेगा।

यह भी स्पष्ट है कि सार्वजनिक परिवहन के उतने साधन उपलब्ध नहीं कराए जा सके, जितने आवश्यक थे। पहले माना जा रहा था कि महाकुंभ में मुख्य स्नान के अवसरों पर ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि लोगों ने यह समझा कि महाकुंभ के आखिरी चरण और मुख्य स्नान से इतर दिनों में भीड़ कम होगी, इसलिए तब जाना अधिक उपयुक्त रहेगा।

इसी का परिणाम यह हुआ कि प्रयागराज पहुंचने वाले सभी रास्तों पर कई—कई किमी जाम देखने को मिल रहा। चूंकि प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु चित्रकूट, वाराणसी, मीरजापुर, अयोध्या भी पहुंच रहे हैं, इसलिए इन शहरों में भी जाम लग रहा है। स्थिति यह है कि प्रयागराज से सैकड़ों किमी दूर मध्य प्रदेश के शहरों में भी वाहन रेंगते दिखे। इसके चलते तमाम लोगों को सड़कों पर अपना समय बिताना पड़ रहा है।

अनुमान है कि प्रयागराज में हर घंटे पांच—छह हजार वाहन पहुंच रहे हैं। इतने अधिक वाहनों की पार्किंग संभव नहीं। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि अनेक श्रद्धालु कई दिन महाकुंभ में बिताना पसंद कर रहे हैं। अच्छा होता कि वाहनों को पार्किंग की अनुमति एक तय समय के लिए ही दी जाती। इसी के साथ हर दिन यह सूचना भी सार्वजनिक की जाती कि प्रयागराज पहुंचने के लिए कौन से दिन और रास्ते सुविधाजनक होंगे।

केवल निजी वाहनों से प्रयागराज पहुंचने वालों को ही समस्याओं से दो—चार नहीं होना पड़ रहा है, विमानों, ट्रेनों और बसों से जाने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा न होने पाए, इसके लिए सरकार को पहले से तैयार रहना चाहिए था और हालात के हिसाब से तत्काल रणनीति बदलनी चाहिए थी।

लगता है भारी भीड़ का अनुमान लगाए और उसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था किए बिना ही यह कह दिया गया कि महाकुंभ में ऐसी व्यवस्था की गई है कि सौ करोड़ लोग भी आ जाएं तो समस्या नहीं होगी। जो भी हो, कम से कम अब मेला स्थल, प्रयागराज शहर और आसपास के क्षेत्रों में ऐसे जतन युद्धस्तर पर किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को समस्याओं से मुक्ति मिले।

जो लोग रास्तों में फंस जा रहे हैं, उन्हें कम से कम परेशानी हो और वे कुछ समय के लिए वहीं रुक सकें, इसके लिए पड़ोसी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिए जाने चाहिए। यह भी समय की मांग है कि ट्रेनों, बसों और अपने वाहनों से महाकुंभ पहुंच रहे लोग संयम और अनुशासन का परिचय दें। अच्छा हो कि सरकार तत्काल प्रभावी कदम उठाये।

# कांग्रेस के बाद क्षेत्रीय दलों में बढ़ता उहापोह



—अजय कुमार—



देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों ? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों ? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है,लेकिन बार—बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी,समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल,उद्धव ठाकरे की शिवसेना,शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं। अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानरदार 'आम आदमी पार्टी' का भी जुड़ गया है। हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है,जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें(मोदी) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग,सीबीआई,ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप—प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी आभा को एकदम मटियामेट कर दिया है. जो केजरीवाल 12 साल पहले यूथ आइकॉन बनकर उभरे थे, वे अब धूल में लथपथ पड़े हैं. विधान सभा में 'दिल्ली का मालिक मैं हूँ' जैसे अहंकारी बयान देने वाले और हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर अपनी फजीहत करा चुके अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसे आधे—अधूरे राज्य का मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री का ख्वाब देखने लगे थे मगर अब वे विधायकी भी गंवा बैठे. राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे. अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता. दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से अधिक भद्द राहुल गांधी की पिटी है। पिछले कई चुनावों से दिल्ली में शून्य सीटों का रिकॉर्ड राहुल गांधी और कांग्रेस के नाम दर्ज है।

अरविंद केजरीवाल की तरह ही नेताजी मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत संभाले हुए अखिलेश यादव की है। 2012 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया था,जबकि अनुभव के नाम पर अखिलेश खाली हाथ थे। इसके बाद अखिलेश यादव अपने दम पर भले ही राजनीति में कुछ खास नहीं कर पाये हों,लेकिन उनके बड़बोलेपन और अपनी हार का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने की महारथ के चलते खूब नाम कमा रहे हैं।विवादित बयानबाजी की बात की जाये तो अखिलेश यादव अपने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अयोध्या का नया राजा कहकर प्रभु श्रीराम और उनके भक्तों का उपहास उड़ाने के चक्कर में खुद फजीहत करा बैठते हैं। उन्हें ट्रॉफी की तरह अपने साथ लेकर घूमते थे,लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अखिलेश अपने होश खो बैठे हैं। सपा नेता हार से इतना बौखला गये हैं कि पार्टी के महासचिव प्रो रामगोपाल यादव तो यूपी के सरकारी अधिकारियों को ही नसीहत देने लगे हैं कि वह मुख्यमंत्री योगी जी का आदेश सुनने की बजाये उन्हें नसीहत दें। अखिलेश यादव से लेकर शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव हताशा में डूबते जा रहे हैं। रामगोपाल तो अयोध्या में रामलला के मंदिर को भी बेकार कह चुके हैं। सपा के तमाम नेता महाकुंभ में कथित अव्यवस्था को लेकर भी लगातार सीएम पर हमलावर हैं,लेकिन इससे समाजवादी पार्टी को हासिल क्या हो रहा है,यह प्रश्न चिन्ह बना हुआ है।क्योंकि समाजवादी पार्टी का पीडीए पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मिल्कीपुर में तो सपा को यादवों तक का वोट नहीं मिला।

# भीख मांगना मजबूरी या धंधा?



—प्रियंका सौरभ—



भारत में सार्वजनिक रूप से भीख मांगने की प्रथा मनरेगा और स्माइल जैसे व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बाद भी आम है। आंकड़ों के अनुसार, 413 लाख से अधिक लोग अभी भी इस प्रथा में लिप्त हैं, जो दीर्घकालिक गरीबी, कम साक्षरता और सरकारी हस्तक्षेप के बावजूद काम के अवसरों की कमी जैसी अंतर्निहित सामाजिक आर्थिक कमजोरियों को रेखांकित करता है। बड़े बच्चों को भीख मांगना सिखाया जाता है, जबकि शिशुओं को बीमार दिखने के लिए नशीला पदार्थ दिया जाता है। कुछ ने कभी कक्षा में कदम नहीं रखा है और कई ने जल्दी पैसे कमाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगाकर स्कूल छोड़ दिया है। हाल के आँकड़े बताते हैं कि भारत में स्कूल छोड़ने वाले बच्चे कितने आम हैं, खासकर किशोरों में। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 18 वर्ष की आयु के 25 प्रतिशत बच्चे बुनियादी पढ़ने के कौशल से जूझते हैं और 32.6 प्रतिशत स्कूल छोड़ देते हैं। विकलांग लोगों का फायदा उठाया जाता है क्योंकि वे भिखारी के तौर पर अधिक पसंद किए जाते हैं। जब मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति का इलाज नहीं किया जाता है, तो लोग शोषण और निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं।

भारत में 400, 000 से ज़्यादा नियमित भिखारी रहते हैंय उनकी दुर्दशा कई तरह के कारकों से उपजी है, जिसमें संगठित भीख मांगने वाले गिरोह, गरीबी, विकलांगता और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापन शामिल हैं समाज के सबसे कमजोर सदस्यों को शिकार बनाकर और लगभग दंड से मुक्त होकर काम करके, इन सिंडिकेट ने गरीबी को एक लाभदायक उद्यम में बदल दिया है। 81, 000 से ज़्यादा भीख मांगने वाले लोगों के साथ, पश्चिम बंगाल भारत में सबसे ज़्यादा भीख मांगने वाला राज्य है, उसके बाद आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश हैं। गरीबी, ग्रामीण—शहरी प्रवास और आसानी से सुलभ सहायता नेटवर्क की कमी इन क्षेत्रों में भिखारियों की बढ़ती संख्या में योगदान देने वाले कुछ सामाजिक—आर्थिक कारक हैं। भारत में, कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बावजूद भीख मांगने की प्रथा जड़ जमाए बैठी सामाजिक—आर्थिक कमजोरियों के कारण बनी हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कल्याणकारी कार्यक्रम अक्सर खराब क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार और प्राप्तकर्ताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाते हैं। स्माइल जैसी योजनाएँ, जो आश्रय और आजीविका सहायता प्रदान करती हैं, कई भिखारियों को अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हैं।

विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी झुग्गियों में, जो लोग घोर गरीबी में जी रहे हैं, उनके पास जीवित रहने के लिए भीख माँगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मनरेगा जैसे गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के साथ भी, 413, 000 से अधिक लोग भीख माँग रहे थे। भीख माँगने वाले व्यक्तियों में अक्सर औपचारिक शिक्षा और रोजगार योग्य कौशल की कमी होती है, जो औपचारिक रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुँच को सीमित करता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पेश किए गए व्यावसायिक प्रशिक्षण से भिखारियों और अन्य हाशिए के समूहों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुँचा जा सका है। ट्रांसजेंडर लोग और विकलांग लोग कमजोर समूहों के दो उदाहरण हैं जिन्हें समाज द्वारा उपेक्षित किया जाता है और मुख्यधारा के आर्थिक अवसरों से बाहर रखा जाता है। कई लोग ट्रैफिक सिग्नल पर भीख माँगने के लिए मजबूर होते हैं क्योंकि उन्हें ट्रांसजेंडर कल्याण कार्यक्रमों के बावजूद भी स्वीकार नहीं किया जाता है। कमजोर लोगों को आपराधिक नेटवर्क द्वारा अपहरण कर लिया जाता है, जो फिर उन्हें भीख माँगने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे इस चक्र को तोड़ना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में पुलिस ने 2023 में पचास बच्चों को बचाया, जिन्हें तस्करी के गिरोह द्वारा भीख मांगने के लिए मजबूर किया गया था।

भारत में भीख मांगने की प्रवृत्ति के बने रहने का एक मुख्य कारण यह है कि यहाँ कोई केंद्रीकृत डेटाबेस नहीं है जो भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास में मदद करने के लिए केंद्रित हस्तक्षेप की अनुमति दे सके। राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए नगरपालिका रिकॉर्ड का उपयोग करने का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सुझाव भिखारियों के बारे में भरोसेमंद जानकारी की कमी की ओर ध्यान आकर्षित करता है। पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी और भीख मांगने पर निर्भरता तब बनी रहती है जब भीख मांगने वाले बच्चों को औपचारिक शिक्षा तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है। आउटरीच पहलों की कमी के कारण, कई बच्चे अभी भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकित नहीं हैं। मादक द्रव्यों के सेवन और अनुपचारित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण लोग भीख मांगते हैं और गरीबी में रहते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सलाह स्माइल कार्यक्रम के तहत आश्रय गृहों में नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं की कमी को उजागर करती है। बेरोजगारी के कारण ग्रामीण—से—शहरी प्रवास के कारण शहरी भीड़भाड़ के कारण, प्रवासियों को भीख मांगने के लिए मजबूर होना पड़ता है। भीख मांगने के खिलाफ कानून संगठित अपराध से निपटने और पुनर्वास प्रदान करने के लिए या तो कठोर हैं या अपर्याप्त हैं। उदाहरण के लिए, बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, जबरन भीख मांगने वाले नेटवर्क को जन्म देने वाले अंतर्निहित मुद्दों को सम्बोधित करने के बजाय भिखारियों को अपराधी बनाता है।भारत में भीख मांगने से निपटने के लिए नीतियाँ, लक्षित कल्याण हस्तक्षेपों को सुविधाजनक बनाने और उनके पुनर्वास को ट्रैक करने के लिए, भीख मांगने वाले लोगों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित किया जाना चाहिए और इसे अक्सर अपडेट किया जाना चाहिए। भिखारियों की पहचान करने के लिए, नगर निगम गैर—सरकारी संगठनों के साथ काम कर सकते हैं, जैसा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मानकीकृत सर्वेक्षण प्रारूपों का उपयोग करने की सिफारिश में सुझाया गया है। संगठित भीख मांगने को रोकने, अपराधियों को दंडित करने और पीड़ितों को अपने पैरों पर वापस खड़े होने में मदद करने के लिए विशेष कानून लागू करें। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा अनुशंसित जबरन भीख मांगने को अवैध बनाने के लिए कानून अपनाने से तस्करी और शोषण करने वाले संगठनों पर रोक लगेगी। लोगों को सम्मानजनक नौकरी खोजने या स्वरोजगार के अवसरों का पीछा करने में सक्षम बनाने के लिए, आश्रय गृहों को कौशल—आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे कार्यक्रम आश्रय गृहों के साथ मिलकर भिखारियों को बढ़ईगीरी, सिलाई या अन्य व्यवसायों में कौशल सिखा सकते हैं जो उनकी योग्यता के अनुकूल हों। आश्रय गृहों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ प्रदान करें, ताकि अनुपचारित बीमारियों, व्यसन और विकलांगताओं का समाधान किया जा सके।

# मनुष्य के अस्तित्व के लिए बढ़ती चुनौती

—ज्ञानेन्द्र रावत—



आज के समय में पर्यावरण, जैव विविधता और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की जो स्थिति बनी है, वह मानव के असीमित लोभ और संसाधनों की अंधी चाहत का परिणाम है। मौसम में आए अत्यधिक बदलाव, पारिस्थितिकी तंत्र में गिरावट और आर्थिक—सामाजिक ढांचे में संकट इन सबका प्रत्यक्ष परिणाम हैं। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि वर्षों से पर्यावरणविद, हमें चेतावनी दे रहे थे कि यदि हमने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। हम अब उस स्थिति में पहुंच चुके हैं जहां से वापसी करना बहुत मुश्किल है।

दुनिया के स्तर पर जैव विविधता की बात करें तो अमेरिका की ए एण्ड एम यूनिवर्सिटी स्कूल आफ पब्लिक हैल्थ के एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि पेड़—पौधों की मौजूदगी लोगों को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होती है। मानसिक रोगियों पर किये गये अध्ययन में कहा गया है कि हरियाली के बीच रहने वाले लोगों में अवसाद की आशंका बहुत कम पायी गयी है।

वहीं, जैव विविधता वाली जमीन पर कब्जे की घटनाओं में तीव्र वृद्धि हो रही है, खासकर 2008 के बाद से। ये घटनाएं विशेष रूप से उप—सहारा अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में हो रही हैं, जिनका असर वैश्विक स्तर पर भूमि असमानता, खाद्य असुरक्षा, किसान विद्रोह और ग्रामीण पलायन में वृद्धि कर रहा है। इस प्रवृत्ति ने छोटे और मंझले खाद्य उत्पादकों को संकट में डाल दिया है। मानसिक स्वास्थ्य की विशेषज्ञ प्रोफेसर एंड्रिया मेचली के अनुसार, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता की तेज गिरावट से सिर्फ प्राकृतिक पर्यावरण नहीं, बल्कि उसमें रहने वाले लोगों का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है।

**बीते दो दशकों में समूची दुनिया में 78 मिलियन हेक्टेयर पहाड़ी जंगल नष्ट हो गये हैं। जबकि पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। गौरतलब यह है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन दुख और चिंता की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है।**

बीते दो दशकों में समूची दुनिया में 78 मिलियन हेक्टेयर पहाड़ी जंगल नष्ट हो गये हैं। जबकि पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। गौरतलब यह है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन दुख और चिंता की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है।

जहां तक धरती का फेफड़ा कहे जाने वाले दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन के बहुत बड़े भूभाग पर फैले अमेजन के वर्षा वनों का सवाल है, वे विनाश के कगार पर हैं। बढ़ते तापमान, भयावह सूखा, वनों की अंधाधुंध कटाई और जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं के चलते अमेजन के जंगल खतरे के दायरे में हैं। दरअसल, दुनिया में जंगलों का सबसे ज्यादा विनाश ब्राजील में हुआ है और यह सिलसिला आज भी जारी है। उसके बाद डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो और बोलीविया का नम्बर आता है। यदि मैरीलैंड यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के ग्लोबल वाच की हालिया रिपोर्ट की मानें तो दुनियाभर में साल 2023 में 37 लाख हेक्टेयर जंगल नष्ट हो गये।

भारत में बीते 30 वर्षों में जंगलों की कटाई में भारी बढ़ोतरी हुई है। भले ही इसके प्राकृतिक कारण हों या मानवीय। इसमें देश के पांच राज्यों यथा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर हैं जहां देश में आग से सबसे ज्यादा जंगल तबाह हुए हैं। यह सिलसिला आज भी जारी है।

यदि ग्लासगो में हुए कॉप—26 सम्मेलन की बात करें तो इसमें दुनिया के 144 देशों ने 2030 तक इन जंगलों को बचाने का संकल्प लिया था। गौरतलब है कि यदि दुनिया में वनों की कटाई पर रोक लगायी जाती है तो एक अनुमान के आधार पर उस हालत में 900 अरब डालर की रकम खर्च होगी। जबकि अभी दुनिया में जंगलों को बचाने पर सालाना तीन अरब डालर की राशि खर्च की जा रही है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की कंजरवेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट की वैज्ञानिक के अनुसार जंगलों को बचाने के लिए दुनियाभर की सरकारों को सालाना 130 अरब डालर खर्च करने होंगे। यदि 2030 तक वनों की कटाई पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले समय में यह खर्च कई गुणा बढ़ जायेगा और कार्बन उत्सर्जन में बढ़ोतरी से पर्यावरणीय समस्याएं और विकराल रूप धारण कर लेंगी। चिंता की बात यह है कि वैज्ञानिकों की इस बारे में एकमुश्त राय है कि ऊर्जा, उत्पाद और दूसरी सामग्रियों के लिए दुनियाभर की कंपनियों की नजर जैव विविधता पर है। अनुमान है कि जैव विविधता के दोहन के लिए दुनियाभर के देश 2030 तक 400 अरब डालर का निवेश करेंगे जो मौजूदा समय से 20 गुणा ज्यादा होगा।

दरअसल, जैव विविधता को संरक्षित करने में वन की उपयोगिता जगजाहिर है लेकिन विडम्बना है कि हम उन्हीं के साथ खिलवाड़ कर अपने जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। बीते तीन दशक इसके सबूत हैं कि उनमें हमने तकरीबन एक अरब वन मानवीय स्वार्थ के चलते खत्म कर दिये हैं। हम यह क्यों नहीं समझते कि यदि अब भी हम नहीं चेते तो हमारा यह मौन हमें कहां ले जायेगा और क्या मानव सभ्यता बची रह पायेगी?

—लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# डंपर–कार में भिड़ंत, फौजी समेत एक ही परिवार के 5 की मौत



**संवाददाता–बहराइच।** कैसरगंज थाने के बहराइच–लखनऊ हाईवे के करीम बेहड़ गुप्ता ढाबा के निकट मंगलवार की सुबह 6:15 बजे डंपर व कार में भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक व फौजी समेत एक ही परिवार के पांच की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे कैसरगंज सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

इस सड़क हादसे में कार सवार मटेरा थाने के मटेरा चौराहा निवासी 28 वर्षीय अबरार पुत्र गुलाम हजरत जो सेना मे जवान है। अपनी पत्नी 25 वर्षीय रूकैया, पिता 65 वर्षीय गुलाम हजरत, 60 वर्षीय मां फातिमा अपनी एक माह की बेटी हानिया के साथ दवाई लेने लखनऊ जा रहे थे। हादसे में गुलाम हजरत, फातिमा, अबरार , हानियां, कार चालक 22 वर्षीय चांद की मौत हो गई। रूकैय्या गम्भीर रूप से घायल हो गई। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

घायल रूकैया को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस घटना से कोहराम मच गया। एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि इस घटना मे पांच लोगों की मौत हो गई है। एक महिला गम्भीर रूप से घायल है। उसे सीएचसी मे भर्ती कराया गया है। डम्पर चालक गाडी छोड़कर फरार हो गया है।

सुलतानपुर में भी हादसा हो गया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बरौंसा बेलहरी रोड पर बासूपुर के पास अयोध्या दर्शन के बाद बनारस जा रहे हिमांचल शिमला के श्रद्धालुओं का वाहन पुलिया से टकराने के बाद सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में 15 श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया। जहां सभी का उपचार किया गया। एक महिला श्रद्धालु को मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर किया गया है।

मंगलवार सुबह करीब आठ बजे गोसाईगंज थाने के बासूपुर गांव के पास हिमांचल प्रदेश शिमला के श्रद्धालुओं की टूरिस्ट विंगर बस पुलिया से टकराकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में 15 श्रद्धालु घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने वाहन के अंदर फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला।

# कर्नाटक में बायलर फटने से देवरिया के दो युवकों की मौत, एक गंभीर



**संवाददाता–देवरिया।** कर्नाटक के जेएसडब्ल्यू जिंदल कंपनी में बॉयलर फटने से देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मंगलवार की सुबह शव पहुंचते ही दो परिवारों में कोहराम मच गया।

देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के भरौटा गांव निवासी निखिल (24) पुत्र अमेरिका व बगल के गांव के मठिया महावल के रहने वाले प्रेमचंद गोड़ ( 22) पुत्र नरसिंह तथा तरकुलवा कस्बे के रहने वाले मुकेश यादव के साथ कुछ दिन पहले जीवकोपार्जन हेतु कर्नाटक के जेएसडब्ल्यू जिंदल कंपनी में काम करने गए थे, जहां कंपनी में काम करते वक्त 1 फरवरी को फैक्ट्री में लगा बॉयलर अचानक फट गया, चपेट में आने से उसमें काम कर रहे क्षेत्र के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां कंपनी ने उनके इलाज के लिये कर्नाटक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, सोमवार की सुबह उनकी हालत अचानक ज्यादा खराब हो गयी। सूचना पाकर परिवार के लोग कर्नाटक पहुंच गए, जहां दोपहर बाद भरोटा के रहने वाले निखिल व माहौल मठिया के रहने वाले प्रेमचंद गोड़ की मौत हो गई। जबकि तरकुलवा कस्बे के रहने वाले मुकेश यादव का हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजन दोनों का शव लेकर मंगलवार की सुबह गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। दोपहर बाद दोनों युवकों का अंतिम संस्कार गांव के ही त्रिमुहानी घाट पर कर दिया। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि दो युवकों की मौत की सूचना मिली थी, दोनों का दाह संस्कार करवा दिया गया, जबकि कस्बे की एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

# छात्रा से छेड़छाड़ का मामला: शिक्षिका निलंबित, शिक्षामित्र पर लटकी बर्खास्तगी की तलवार, जांच के बाद कार्रवाई



**संवाददाता–श्रावस्ती।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा की सहायक शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है जबकि शिक्षामित्र पर बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है जिसकी संविदा समाप्त करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामला कक्षा पांच की छात्रा से एक दूसरे समुदाय के युवक द्वारा किए गए छेड़छाड़ का है।

कंपोजिट विद्यालय जमुनहा में कक्षा पांच की एक दलित छात्रा मंदबुद्धि है जिसके साथ विगत बृहस्पतिवार को विद्यालय के निकट बिरयानी की दुकान कर रहे अफजल ने दुष्कर्म की नियत से छेड़छाड़ किया था। इस मामले में विद्यालय में तैनात सहायक शिक्षिका रफअत जहां व शिक्षामित्र पवन कुमार वर्मा ने पुलिस को सूचना न देकर मामले को रफादफा करा दिया था। इस समाचार को अमर उजाला ने शनिवार आठ फरवरी के अंक में दूसरे समुदाय के युवक ने दलित छात्रा से की छेड़छाड़ शीर्षक से प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसमें अमर उजाला ने प्रभारी शिक्षिका व शिक्षामित्र की भूमिका पर सवाल उठाए थे। इसे संज्ञान में लेते हुए बीएसए अजय कुमार गुप्ता ने बीईओ इकौना फूलचंद मौर्या के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति गठित कर प्रकरण की जांच कराया। जांच में शिक्षिका व शिक्षामित्र की भूमिका संदिग्ध मिलने पर सोमवार देर शाम बीएसए ने सहायक शिक्षिका को निलंबित कर दिया है जबकि शिक्षामित्र की संविदा समाप्त करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

प्रधान शिक्षिका रफअत जहां पर सोशल मीडिया पर विभाग की छवि धूमिल करने, विद्यालय में आपराधिक मामले का निस्तारण करने, अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने व अध्यापक सेवा नियमावली का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। इस दौरान शिक्षिका अपने ही विद्यालय में संबद्ध रहेगी। वहीं शिक्षामित्र को सोशल मीडिया पर विभाग की छवि धूमिल करने, विद्यालय में आपराधिक मामले का निस्तारण करने, अपने उत्तरदायित्व के प्रति लापरवाही बरतने व बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का दोषी माना गया है जिससे एक सप्ताह में अपना साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने अन्यथा उसकी सेवा समाप्त करने की कार्रवाई करने की बात कही गई है।

# अयोध्या उद्योग व्यापार मंडल की बैठक संपन्न, नागरिकों को मिले सहूलियत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। राम नगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखते हुए अयोध्या उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक की गई जिसमें अयोध्या वीडियो और व्यापारियों नागरिकों के हितों की चर्चा की गई की प्रशासन अयोध्या वासियों को यहां के नागरिकों को सहूलिया दे नहीं तो वह अपनी जीवन यापन कैसे करेंगे बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें सबसे पहले बिंदु, स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों को हो रही दैनिक कृतियों में भारी दिक्कत को देखते हुए उनके आधार कार्ड व व्यापारी कार्ड को पास माना जाए।जरूरी आवश्यक रोजमर्रा की चीजों का आवागमन मेला क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से बिना कोई रोक–टोक के सुनिश्चित कराई जाए दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से किल्लत का सामना करना पड़ सकता है।स्थानीय व्यापारियों को एक पटरी से दूसरी पटरी जाने के लिए और अवरुद्ध न किया जाए जिनसे उनका व्यापार में कोई भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो सके।अस्पताल मेडिकल बैंकिंग एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए मेंन रोड पर अलग ग्रीन बेल्ट पटरी रास्ता बनाया जाए। बैठक में उपरोक्त बिंदुओं पर जिला प्रशासन से बात करके सहूलिया देने पर सहमति बनी। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता जी महामंत्री नंदलाल गुप्ता जी वरिष्ठ व्यापारी नेता विनोद श्रीवास्तव अचल गुप्ता राधेश्याम गुप्ता जी प्रेम सागर मिश्रा अश्वनी गुप्ता आनंद कसौधन विनोद पाठक अनिल मौर्य श्याम सुंदर कसेरा विकास गुप्ता शोभाराम यादव आदि सम्मानित अयोध्या के वरिष्ठ व्यापारिक गढ़ बैठक में मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर में बाइक सवार नर्तकी की मौत, पति घायल

**संवाददाता–श्रावस्ती।** खपरीपुर गांव में कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंगलवार को वापस बेड़सरी लौट रहे दंपति की बाइक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। भिनगा के दहाना तिराहे के निकट घटी घटना में बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गए। जिन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक सहित चालक को हिरासत में ले लिया है।

फर्रुखाबाद जिले के थाना शमशाबाद अंतर्गत ग्राम नीबलपुर निवासी शेषकुमारी (35) नर्तकी है। जो अपने पति भोजराम के साथ सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नगर (बेड़सरी) गांव में किराए के मकान में रहती थी। सोमवार शाम वह पति के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम में नृत्य करने सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम खपरीपुर गई थी। जहां से दंपति मंगलवार को बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही भोजराम बाइक लेकर भिनगा नगर स्थित पटेल तिराहा पहुंचा तभी सिरसिया से भिनगा की ओर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।



घटना में दंपत्ति घायल हो गए। इस दौरान शेष कुमारी के सिर पर गंभीर चोट आई। घायल दंपत्ति को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने शेषकुमारी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने ट्रक सहित चालक को हिरासत में ले लिया है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भिनगा भानु प्रताप सिंह का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। भिनगा नगर में अतिक्रमण का बोलबाला है। सबसे खराब स्थिति दहाना की है। जहां मार्ग की दोनों पटरियों पर दुकानदार काबिज हैं। इतना ही नहीं मार्ग सहित पटरी पर दर्जनों की संख्या में डग्गामार वाहन खड़े रहते हैं। जहां से सिरसिया, लक्ष्मणपुर व ताल बघौड़ा सहित बहराइच के लिए सवारी बैठाते उतारते हैं। ऐसे में मार्ग काफी संकरा हो जाता है। यहां अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि यहां सुरक्षाकर्मियों की तैनाती नहीं रहती। इसके बावजूद न तो डग्गामार वाहनों को हटाया जा रहा है और न ही अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई हो रही है। इसके चलते जहां रविवार को खैरी मोड़ पर बाइक सवार किशोर की बस से कुचल कर मौत हो गई थी। वहीं मंगलवार को शेष कुमारी को अपनी जान गंवानी पड़ी।

## वीडियो वायरल कर सभासद ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**संवाददाता–देवरिया।** नगर में कराए गए निर्माण कार्यों का भुगतान नही होने पर बैतालपुर के एक सभासद ने वीडियो वायरल कर आत्मदाह की चेतावनी दिया है। मांगे पूरी नही होने पर मंगलवार सुबह ग्यारह बजे नगर पंचायत कार्यालय के सामने आत्मदाह की चेतावनी दिया है। बैतालपुर कस्बा के वार्ड नंबर 10 के सभासद बदरीनाथ गुप्ता का आरोप है कि नगर के सभी पंद्रह वार्डों के सभासदों ने कोटेशन के जरिए मोहल्लों में कार्य कराया है। ईओ व चेयरमैन के मौके की पड़ताल के बावजूद अभी तक भुगतान नही कराया है। बिना प्रस्ताव के वार्डों में काम कराया जा रहा है। अभी तक तीन बार ही बोर्ड की बैठक हुई है, जबकि 17–18 बार होनी चाहिए थी। खाते में धन होने के बावजूद सभासदों के निर्माण कार्यों के करीब सात–आठ रुपए का भुगतान रोका गया है। सफाईकर्मियों के भी मानदेय तीन महीने से नही हुआ है। इसके पहले विभिन्न मांगों को लेकर सभासद धरना भी दे चुके हैं। सभासदों ने अपने सात सूत्रीय मांगों से डीएम को भी सौंप चुका है। नगर में भ्रष्टाचार चरम पर है। सभासदों के प्रति तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। मांगे पूरी नही होने सभासद बदरी नाथ गुप्ता ने नगर पंचायत कार्यालय के सामने मंगलवार सुबह 11 बजे वीडियो वायरल कर आत्मदाह की धमकी दिया है।

# चोरी की पांच बाइक के साथ तीन लिफ्टर दबोचे गए



**संवाददाता–महराजगंज।** कोल्हुई पुलिस ने वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। तीन लिफ्टरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच बाइक बरामद की हैं। वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए पुलिस काफी दिनों से हाथ–पांव मार रही थी। क्षेत्र में बाइक लिफ्टिंग की कई घटनाएं हो भी चुकी थीं। सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि कोल्हुई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की बाइक के साथ वाहन चोर गैंग के सदस्य आ रहे हैं। इस सूचना पर एसओ अरविन्द कुमार सिंह अपनी टीम के साथ बेलौही कड़जही मोड़ बृजमनगंज रोड पर जांच शुरू कर दी। वाहनों की जांच के दौरान मोहिद अहमद निवासी ग्राम कस्बा कोल्हुई, हरिश्चन्द्र कुमार व तीजू कुमार निवासी ग्राम सिसवनिया खुर्द थाना पुरंदरपुर को पकड़ लिया गया। इनके कब्जे और इनकी निशानदेही पर पांच बाइकें बरामद हुईं। बरामद बाइकों में अलग–अलग जिलों के नंबरों की पांच बाइकें शामिल हैं। इनमें सुपर स्प्लेन्डर, एचएफ डिलक्स, पल्सर 220 सीसी बाइक हैं। इस बरामदगी के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पकड़े गए मोहिद अहमद का आपराधिक इतिहास है। कोल्हुई थाने में मादक पदार्थों की तस्करी में उसके खिलाफ 2020 में मामला दर्ज किया गया था। वाहन चोर गैंग का खुलासा करने वाली टीम में एसओ अरविन्द कुमार सिंह, एसआई जयप्रकाश, एसआई राजीव कुमार सिंह, एसआई राहुल यादव, अभिलाष यादव, हेड कांस्टेबिल अजय शर्मा, कांस्टेबिल दीपक यादव व अमित यादव शामिल रहे।

## मेधावियों का हुआ सम्मान, बढ़ाया हौसला

**संवाददाता–बलरामपुर।** पॉयनियर पब्लिक स्कूल बलरामपुर में वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकलॉ प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने फीता काटकर किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कहा कि प्रतिभाएं संसाधन की मोहताज नहीं होती हैं। जो बच्चे पूरे लगन के साथ पढ़ाई करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है।

वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ एमपी तिवारी ने अतिथियों को बैज लागाकर सम्मान किया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने किया। दूसरे सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ हेमंत तिवारी ने किया। प्रबंधा निदेशक डॉ एमपी तिवारी ने बताया कि वार्षिक विज्ञान एवं चित्रकला प्रदर्शनी में स्कूल के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय स्तर पर इस तरह से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। अनुभवी पैनल के अधिकारियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण कर उनसे प्रश्न भी पूछे।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं. 159
न्यायालय– श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी महोदय अयोध्या
ठाकुर रामजानकी आदि
बनाम
जोखू राम आदि

बनाम–1–जोखू राम पुत्र श्यामराज निवासी ग्राम–कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 2– ग्राम पंचायत / गांवसभा कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या द्वारा ग्राम प्रधान

**तारीख पेशी 27–02–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 25 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूल वाद सं. 1075/2023
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद
मजलिस एक आना फण्ड मुस्लिम यतीमखाना
बनाम
श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता आदि

बनाम–1–लक्ष्मी गुप्ता पत्नी रविनन्दन गुप्ता निवासी मकान नम्बर 3/1/35 ए नियांवा चौराहा मठिया परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 2– आनन्द मोहन वर्मा पुत्र राम कुमार वर्मा निवासी 5/11/102 गुलाबबाडी रीडगंज परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 3– श्रीमती वर्मा पत्नी विनोद वर्मा निवासिनी पूरेबली कलाफरपुर पोस्ट– मुबारकगंज परगना मगलसी तहसील सोहावल जिला– अयोध्या 4– सत्येन्द्र पाण्डेय पुत्र शीतला पाण्डेय निवासी छिछला भीखापुर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 5– रविनन्दन गुप्ता पुत्र राजाराम गुप्ता निवासी 3/1/35 ए नियांवा चौराहा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 6– अमितकान्त द्विवेदी पुत्र शेषमणि द्विवेदी निवासी 617 टोलापुरी साहबगंज परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 7– विनोद कुमार वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद वर्मा निवासी पूरेबली कलाफरपुर पोस्ट– मुबारकगंज परगना मगलसी तहसील सोहावल जिला– अयोध्या 8– राधेश्याम 9– घनश्याम 10– सन्तराम पुत्रगण स्वर्गीय राघवराम 11– केशवराम 12– अनन्तराम पुत्रगण स्वर्गीय रामचरन 13– रामकली बेवा रामचरन 14– रामावती बेवा रामभजन 15– केवलपति बेवा राजकरन 16– ओम प्रकाश मौर्या 17– अनिल कुमार मौर्या 18– रमेश मौर्या पुत्रगण राजकरन 19– अम्बर उर्फ अमरजीत 20– ज्ञान प्रकाश पुत्रगण स्वर्गीय रामरूप समस्त निवासीगण 8 ता0 20 शाहजहांपुर देवकाली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या

**तारीख पेशी 18–02–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 25 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूल वाद सं. 1335 A/2022
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद
मो0 कलीम
बनाम
अबरार हुसेन आदि

बनाम–1– अबरार हुसेन 2– सरदार हुसेन पुत्रगण हैदर हुसेन 3– बीबी उर्फ शाबिरा पुत्री कैसर हुसेन पत्नी एहसान अली समस्त निवासीगण मोहल्ला खुर्द महल परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 4–साहिदा खातून पत्नी मो0 हबीब निवासी मोहल्ला बन्देअली छावनी रेतिया परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या

**तारीख पेशी 12–02–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 25 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं. 155
न्यायालय– श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी महोदय अयोध्या
ठाकुर रामजानकी आदि
बनाम
सालिकराम आदि

बनाम–1–सालिकराम 2– राम सुभावन पुत्रगण राम दुलारे निवासीगण ग्राम–कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 3– ग्राम पंचायत / गांवसभा कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या द्वारा ग्राम प्रधान

**तारीख पेशी 27–02–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 25 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं. 156
न्यायालय– श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी महोदय अयोध्या
ठाकुर रामजानकी आदि
बनाम
खुशी राम आदि

बनाम–1–खुशीराम पुत्र चन्दई 2– सुखीराम पुत्र चन्दई 3– सूर्यकला पत्नी चन्दई निवासीगण ग्राम–कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 4– ग्राम पंचायत / गांवसभा कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या द्वारा ग्राम प्रधान

**तारीख पेशी 27–02–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 25 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं. 157
न्यायालय– श्रीमान अतिरिक्त अधिकारी महोदय अयोध्या
ठाकुर रामजानकी आदि
बनाम
कृष्ण राम आदि

बनाम–1–कृष्णराम 2. राजितराम 3– रामू 4– मनोज कुमार पुत्रगण सेतू 5– निर्मला देवी पत्नी सेतू समस्त निवासीगण ग्राम–कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या 6– ग्राम पंचायत / गांवसभा कछौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या द्वारा ग्राम प्रधान

**तारीख पेशी 27–02–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 25 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# एक दिन में पहुंचे 10 लाख लोग, आज से 14 फरवरी तक स्कूल बंद, लगी लंबी कतारें



**संवाददाता—अयोध्या।** रामनगरी 24 घंटे श्रद्धालुओं के जयघोष से गूंज रही है। इस समय पूरी रात अयोध्या जग रही है। श्रद्धालुओं का आवागमन निरंतर जारी है। माघ पूर्णिमा 12 को है उससे पहले प्रयागराज से श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह रामनगरी की ओर निरंतर आ रहा है। सोमवार को दस लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। सरयू स्नान कर राममंदिर व हनुमानगढ़ी में दर्शन किया। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने डायवर्जन का दायरा बढ़ा दिया है। वहीं अयोध्या की गलियां भी अब जाम हो रही हैं।

रामपथ से जुड़ी गलियों में वाहनों का दवाब बढ़ गया है। रानीबाजार, जैन मंदिर, रायगंज, तपस्वी छावनी मार्ग पर दिन भर जाम लग रहा है। वहीं जगह—जगह बैरिकेडिंग से लोग आजिज आ चुके हैं। रामनगरी में भारी भीड़ के चलते रूट डायवर्जन का दायरा बढ़ा दिया गया है। बाईपास से पैदल आ रहे श्रद्धालुओं को फटिक शिला आश्रम की ओर मोड़ दिया जा रहा है। यहां से चौधरी चरण सिंह व संत तुलसीदास घाट होकर श्रद्धालु लता चौक पहुंच रहे हैं।

टेढ़ीबाजार से पैदल दुराही कुंआ की ओर श्रद्धालुओं को भेजा जा रहा है। इसी बीच श्वेतांबर जैन मंदिर के आगे बैरिकेडिंग लगाकर राजघाट की ओर मोड़ दिया जा रहा है। यहां से श्रद्धालु राजघाट होते हुए ऋणमोचन घाट और फिर आधे अशर्फी भवन व आधे गोला बाजार की ओर भेज दिए जा रहे हैं। अशर्फी भवन चौराहे से रामपथ की ओर जाने वाली भीड़ को दोबारा मतगजेंद्र से मधुसूदन विद्यामंदिर इंटर कॉलेज होते हुए नयाघाट भेज दिया जा रहा है। इस बीच श्रद्धालु गलियों में भटक रहे हैं और सरयू घाट से राममंदिर व हनुमानगढ़ी पहुंचने के लिए उन्हें पांच से आठ किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है।

राममंदिर में दर्शन के लिए सुबह तीन बजे से ही कतार लग गई। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि राममंदिर में रोजाना तीन लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सोमवार की सुबह तीन बजे से ही दर्शनार्थियों की कतार लग गई। मंदिर सुबह पांच बजे खुला और रात 11 बजे तक दर्शन हुए। शयन आरती के लिए निर्धारित समय रात 10 बजे श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया। उसके बाद जितने श्रद्धुाल थे उनको दर्शन कराया गया। सीसीटीवी, वॉच टॉवर से परिसर की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। एसपीजी, सीआरपीएफ, एसएसए पीएसी समेत तीन हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी मुस्तैद हैं।

रामनगरी में भीड़ का प्रवाह थमने का नाम नहीं ले रहा है। भीड़ का सर्वाधिक दवाब रामलला व हनुमंतलला के दरबार में है। हनुमानगढ़ी में क्षमता से अधिक श्रद्धालु रोजाना दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इसलिए भीड़ नियंत्रण में परेशानी हो रही है। श्रद्धालु सुगमता पूर्वक दर्शन कर सकें इसके लिए प्रशासन के साथ हनुमानगढ़ी अखाड़ा के 100 से अधिक नागा—साधु भी जुटे हैं। संकट मोचन सेना की ओर से जारी की गई अपील में कहा गया है कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। राममंदिर व हनुमानगढ़ी में तिल रखने की जगह नहीं है। मंदिर में क्षमता से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी अयोध्या आने की योजना स्थगित करें। किसी के बहकावे में न आएं। आराम से लगभग 20 दिन बाद आएं, सुखद दर्शन करें।

रामपथ पर अयोध्यावासियों, स्कूली वाहनों व मरीजों के वाहनों को आने—जाने से रोक दिया गया है। इसको लेकर अयोध्या नागरिक मंच ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल को डाक से ज्ञापन भेजकर अयोध्या के हालात की जानकारी दी है। अयोध्या नागरिक मंच के पदाधिकारी एसएन बागी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अघोषित कर्फ्यू लगा दिया गया है। रामपथ पर एक छोर से दूसरे छोर पर जाना मुश्किल है। अयोध्यावासी कैद होकर रह गए हैं ।बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में डॉ सुधाकर पांडेय, ठाकुर प्रसाद यादव शामिल हैं।

माघ पूर्णिमा के कारण अयोध्या धाम में अत्यधिक भीड़ आने की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने प्री—प्राइमरी से 12 तक के सभी स्कूलों को 11 से 14 फरवरी बंद करने का आदेश दिया है। नगर निगम अयोध्या के अयोध्या धाम परिक्षेत्र के सभी शासकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त तथा निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों पर यह आदेश लागू होगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का शिक्षण कार्य नहीं होगा लेकिन सभी प्रशासनिक कार्य पहले की तरह होते रहेंगे। इस अवधि में बोर्ड परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पहले से जारी समय के अनुसार ही संपन्न कराई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि उक्त आदेश का पालन कड़ाई से कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ मार्ग पर यातायात थमने न देने और पार्किंग स्थलों का सही उपयोग करने का निर्देश दिया। देर रात वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने प्रयागराज समेत कई जिलों में ट्रैफिक जाम का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया कि हर दिशा से वाहन प्रयागराज आ रहे हैं। सड़कों पर वाहनों की कतार नहीं लगनी चाहिए। कहीं भी जाम की स्थिति नहीं हो।

# पुलिस एनकाउंटर में एक बदमाश को लगी गोली, दो गिरफ्तार




**संवाददाता—संतकबीरनगर।** मंगलवार को सुबह—सुबह में हुए पुलिस एनकाउंटर में एक बदमाश को घुटने में गोली लग गई। गोली लगने के बाद बदमाश गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों के पास से पुलिस को 2.52 लाख रुपए कैश, एक पिस्टल, एक कट्टा और एक बाइक बरामद हुई है। घायल बदमाश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों बदमाश सिद्धार्थनगर जिले के बताए जा रहे हैं।

यह एनकाउंटर, संतकबीरनगर जिले के बेलहर थाना क्षेत्र में दुर्गजोत रुधौली मार्ग पर अमरडोभा के पास हुआ। पुलिस के अनुसार दुर्गजोत रुधौली मार्ग पर अमरडोभा के पास दो बदमाशों के बारे में सूचना मिली थी। इस सूचना पर भोर में करीब साढ़े पांच बजे पुलिस टीम ने बदमाशों की घेराबंदी की। बदमाशों से पुलिस ने सरेंडर करने को कहा तो सरेंडर करने की बजाए वे पुलिस पर ही फायरिंग करने लगे। दोनों बदमाशों की ओर से हो रही फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के बाएं पैर के घुटने में गोली लग गई। वह मौके पर ही गिर गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

घायल बदमाश की पहचान नसीम के रूप में हुई है। दूसरे की पहचान अताउर्रहमान के रूप में हुई। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा है। बदमशों के पास से दो लाख 52 हजार रुपए नगद, एक पिस्टल 32 बोर व एक तमंचा 315 बोर व एक बाइक बरामद हुई। सूचना मिलने पर एसपी सत्यजीत गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। वापस जिला अस्पताल पहुंच घायल बदमाश से पूछताछ की। घायल बदमाश के अस्पताल में भर्ती कराए जाने की सूचना पर सीओ अजीत सिंह, कोतवाल पंकज पाण्डेय, मेंहदावल एसओ सतीश सिंह फोर्स के साथ पहुंच गए।

## स्कूल का ताला तोड़ बर्तन और राशन उठा ले गए चोर

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** मिठवल क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में सोमवार की रात चोरों ने किचन का ताला तोड़कर दो सिलेंडर व बर्तन चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र मिश्र ने शिवनगर डिड़ई थाने पर तहरीर देकर बताया कि विद्यालय परिसर में बने किचन का ताला तोड़कर सामग्री की चोरी की गई है। चोरों ने दो सिलेंडर, बर्तन के साथ अनाज की भी चोरी किए हैं।

# किन्नर को गोली मारने के मामले में चार पर दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता—गोरखपुर।** सहजनवा नगर से सटे रहीमाबाद में सोमवार की रात को प्रिया नाम की किन्नर पर गोली चलने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रिया ने तान्या किन्नर और बिजली किन्नर के अलावा दो युवकों को आरोपित बनाया है।

क्षेत्र के टड़वा खुर्द निवासी राम करण उर्फ प्रिया किन्नर पुत्र लालबिहारी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया सोमवार की रात आठ बजे दूसरे के घर से भोजन कर लौट रही थी। एक बाइक पर सवार दो युवक पहले से ही घात लगाए बैठे थे। रास्ते में देखते ही एक युवक ने फायरिंग कर दी लेकिन पहली गोली नहीं लगी। दूसरी गोली दाहिने हाथ में लगी है। सीएचसी पर इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पीड़िता किन्नर प्रिया का आरोप है कि क्षेत्र के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है, इसी पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने की कोशिश की जा रही है।

एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया कि प्रिया किन्नर की तहरीर पर विशाल चौरसिया स्टेशन पुरवा खलीलाबाद संतकबीरनगर, हर्षवर्धन उर्फ मोनू निवासी भीमापार सहजनवा, तान्या किन्नर और बिजली किन्नर के ऊपर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। मामले अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# डिजिटल क्राइम के प्रति जागरूक किए गए अफसर, कर्मी

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों, कर्मचारियों को कई जरूरी जानकारी दी गई। इस मौके पर अनजान नंबरों, लिंक से बचने की सलाह मिली ही, साथ ही इंस्ट्राग्राम, वाट्सअप आदि पर भी फर्जी आईडी से सावधान रहने के लिए सजग रहने की बात कही गई। विकास भवन के आंबेडकर सभागार में मंगलवार को सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने संबंधी आयोजित कार्यशाला में सीडीओ जयेंद्र कुमार ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि इंटरनेट का उपयोग ऑफिस, स्कूल, बैंक, बच्चों व कॉरपोरेट कंपनी आदि द्वारा किया जाता है। आजकल इंटरनेट के माध्यम से साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, बैंक ऑफर, क्रेडिट कार्ड, बीमा योजना आदि के माध्यम से लोगों को लालच देकर घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इससे बचने के लिए जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अनजान नंबर से कॉल, संदेश आने पर उसको रिसीव न करें। किसी भी लिंक को बिना पुष्टि के क्लिक न करें। इंटरनेट पर वेबसाइट डालते समय अधिकृत वेबसाइट का उपयोग करें। अधिकृत वेबसाइट से मिलते जुलते फर्जी वेबसाइट इंटरनेट पर मौजूद है जिसका उपयोग करने से साइबर अपराधियों द्वारा गोपनीय सूचना, मनी फ्रॉड, व्यक्तिगत सूचना आदि को हैक कर लेते हैं। किसी भी बैंक से संबंधित कॉल, संदेश में रिवॉर्ड पॉइंट, केवाईसी, लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सीवीवी,ओटीपी की मांग की जाती है तो कोई भी गोपनीय जानकारी शेयर न करें व संबंधित बैंक से संपर्क स्थापित करें। इस अवसर पर डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, एआईजी स्टांप राजेश सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला सेवायोजन अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी वीके गुप्ता ने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर भी फर्जी तरीके से आईडी बनी हुई है जिसके माध्यम से भी फ्रॉड किया जाता है। अपने मोबाइल फोन में अधिकृत एप्लीकेशन ही डाउनलोड करें अन्य प्रकार के एप्लीकेशन को डाउनलोड करने से बचें। किसी भी मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर अपना मोबाइल फोन चार्ज ना करें अपने साथ चार्जर अवश्य रखें। किसी भी प्रकार की साइबर फ्रॉड के लिए 1930 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अंत में पीपीटी, वीडियो क्लिप के माध्यम से साइबर की घटनाओं, सुरक्षित तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैंक में पूछताछ

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** थानाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को स्टेट बैंक करौंदा मसिना में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जांच की। बैंक के अंदर व बाहर आने—जाने वालों से पूछताछ कर जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि जरूरत पर ही बैंक के अंदर आएं। ड्यूटी पर मुस्तैद गार्ड व पुलिस को बताया कि कोई व्यक्ति अगर रोज बैंक आकर देर तक बैठता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

ऐसे व्यक्ति मुखबिर या अपराधी हो सकते हैं। इस दौरान गोलू, चंद्रशेखर पांडेय आदि मौजूद रहे।

# मौसम का रुख किसानों को कर रहा परेशान

**संवाददाता—संतकबीरनगर।** जिले में मौसम का मिजाज लोगों के समझ में नहीं आ रहा है। दिन के तापमान में तेजी से इजाफा हो रहा है और रात का तापमान में कमी आ जा रही है। इसकी वजह से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं लोगों को हल्की सी लापरवाही भारी पड़ रही है। ठंडक लगने की वजह से लोगों की तबियत खराब हो रही है। पिछले पखवारे भर से पछुआ हवाएं चल रही है। तेज गति से चल रही पछुआ हवाओं की वजह से खेत से नमी तेजी से गायब हो रही है। तापमान में इजाफा होने की वजह से बालियां निकलने की स्थिति बन रही है। अब किसानों के समझ में नहीं आ रहा है कि वह खेत की सिंचाई करें या नहीं। जहां पर मटियार मिट्टी है वहां पर खेत में पानी लगने की वजह से गेहूं की फसल खराब होने का डर है। बालियां निकलने की स्थिति में अधिक सिंचाई गेहूं को नुकसान पहुंचा सकती है। प्रगतिशील किसान परमात्मा यादव ने बताया कि खेत में नमी अधिक होने और तेज हवाओं के चलने से गेहूं की फसल को गिरने का डर है। यही कारण है कि खेत में नमी नहीं होने के बावजूद खेत की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना संख्या-30/2025

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**

महा कुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए निम्नलिखित अनारक्षित गाड़ियों का संचलन निम्नवत किया जायेगा।



**गाड़ी सं. 05011/05012 गोरखपुर-अयोध्या कैंट-गोरखपुर महा कुम्भ विशेष गाड़ी**

(1) गाड़ी संख्या 05011 गोरखपुर से- दिनांक 12.02.2025 से 28.02.2025- 17 फेरा (2) गाड़ी संख्या 05012 अयोध्या कैंट से- दिनांक 12.02.2025 से 28.02.2025- 17 फेरा

| गाड़ी संख्या 05011 गोरखपुर - अयोध्या कैंट | | | गाड़ी संख्या 05012 अयोध्या कैंट - गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:30 | गोरखपुर | 04:30 | --- |
| 14:50 | 14:52 | सहजनवा | 03:20 | 03:22 |
| 15:08 | 15:10 | मगहर | 02:58 | 03:00 |
| 15:28 | 15:30 | खलीलाबाद | 02:40 | 02:42 |
| 16:00 | 16:02 | बस्ती | 01:30 | 01:32 |
| 16:38 | 16:40 | बभनान | 00:50 | 00:55 |
| 16:47 | 16:49 | स्वामी नारायण छपिया | 00:17 | 00:19 |
| 17:00 | 17:02 | मरकनवाँ | 00:10 | 00:15 |
| 17:40 | 17:42 | मनकापुर जं. | 23:40 | 23:42 |
| 19:10 | 19:15 | अयोध्या | 22:15 | 22:20 |
| 19:35 | — | अयोध्या कैंट | -- | 21:50 |

रेक संरचना—सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान-14, एसएलआरडी- 02= 16 कोच

मुजाधि/टी-127 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''


### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

(आर्डर 5 कायदा 3)

न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला—बस्ती

मूलवाद सं0 07/2022

मेसर्स नीमा मार्केटिंग इन्टर प्राइजेज

बनाम

मेसर्स आशीष टेडर्स आदि

1. मेसर्स आशीष टेडर्स प्रोपराइटर श्री जयप्रकाश अग्रवाल साकिन सुर्तीहट्टा पाण्डेय बाजार पोस्ट पुरानी बस्ती जनपद—बस्ती 2. मेसर्स आशीष टेडर्स प्रोपराइटर श्री जयप्रकाश अग्रवाल साकिन सुर्तीहट्टा पाण्डेय बाजार पोस्ट पुरानी बस्ती जनपद—बस्ती

**तारीख पेशी 11—03—2025**

चूंकि उपरीनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 03 के 11 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 महोदय बस्ती जिला—बस्ती

मूलवाद सं0—20/2022

परमात्मा प्रसाद आदि

बनाम

धूपनरायन आदि

5. राजेन्द्र प्रसाद चौधरी उम्र लगभग 46 वर्ष 7. अर्जुन कुमार वर्मा उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्रगण स्व0 रामललन निवासीगण मौजा मंझरिया तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 17—03—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 17 माह 03 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा

(आर्डर 22, कायदा 4)

न्यायालय—श्रीमान जिलाधिकारी महोदय बस्ती जिला—बस्ती

वाद सं0 2934/2023

रिजवाना अनवर

बनाम

राज्य सरकार उ0प्र0 आदि

1. दिनेश पुत्र सुग्रीव साकिन कोठवाभरतपुर तप्पा पिपरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला—बस्ती 2. श्रीमती विन्द्रावती पत्नी सुग्रीव निवासी ग्राम कोठवाभरतपुर तप्पा पिपरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 17—02—2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 17 माह 02 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती

मूलवाद सं0—77/2024

राम बहाल

बनाम

अजय पाण्डेय आदि

1. अजय पाण्डेय उम्र लगभग 30 साल पुत्र श्री राम किशोर पाण्डेय निवासी मोहल्ला 1557 आशा दीप प्रहलाद कालोनी सिविल लाइन पो0 गांधीनगर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

—प्रतिवादी प्रथम वर्ग

2. आदित्य पाण्डेय उम्र लगभग 30 साल पुत्र श्री राम किशोर मोहल्ला 1557 आशा दीप प्रहलाद कालोनी सिविल लाइन बस्ती पोस्ट गांधीनगर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

3. सन्तराम उम्र लगभग 40 साल पुत्र राम कुमार साकिन बेलगड़ी तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती 4. राम सजीवन उम्र लगभग 42 साल पुत्र राम आसरे साकिन बेलगड़ी तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती 5. राजेन्द्र प्रसाद उम्र लगभग 32 साल पुत्र स्व0 रामसुख साकिन बेलगड़ी तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

—प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 14—04—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 14 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला—बस्ती

मूलवाद सं0—76/2024

राजेन्द्र प्रसाद

बनाम

आदित्य पाण्डेय आदि

1. आदित्य पाण्डेय उम्र लगभग 30 साल पुत्र श्री राम किशोर पाण्डेय मोहल्ला 1557 आशा दीप प्रहलाद कालोनी सिविल लाइन बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

—प्रतिवादी प्रथम वर्ग

2. अजय पाण्डेय उम्र लगभग 30 साल पुत्र श्री राम किशोर पाण्डेय निवासी मोहल्ला 1557 आशा दीप प्रहलाद कालोनी सिविल लाइन बस्ती तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती 3. सन्तराम उम्र लगभग 40 साल पुत्र राम कुमार साकिन बेलगड़ी तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती 4. राम सजीवन उम्र लगभग 42 साल पुत्र राम आसरे साकिन बेलगड़ी तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती 5. राम बहाल उम्र लगभग 37 साल पुत्र स्व0 रामसुख साकिन बेलगड़ी तप्पा देवरांव परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

—प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 14—04—2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 14 माह 04 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

—द0 हाकिम


## लुमीनस सर्विस सेन्टर को कुशल इंजीनिर की आवश्यकता है

बस्ती और सिद्धार्थ नगर जनपद के लिए ITI इलेक्ट्रीशियन को वरीयता दिया जायेगा। सेलरी 15 हजार

LUMINOUS

सम्पर्क—राम लखन

मो. नं. 6387292445, 8265888899


## शिक्षक को मिला बसों में निःशुल्क यात्रा का कूपन

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के पीएमश्री विद्यालय हसुड़ी औसानपुर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत रामकृपाल पासवान को राज्य पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें दो वर्ष सेवा विस्तार के साथ ही अन्य सुविधाएं अनुमन्य की गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक गणेश कुमार की ओर से सोमवार को राज्य परिवहन की बसों में निःशुल्क यात्रा कूपन भी दिया गया। इस उपलब्धि पर बीईओ राजेश कुमार,अवधेश भारती, दुर्गेश मिश्र, मनोज वरुण,चंदेश्वर यादव,संजीत कुमार,यमुना पाठक आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।


**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, **प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1—4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक—**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक—**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या—फैजाबाद कार्यालय—** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या—फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय—** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय—** इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com bhartiyabasti@gmail.com